समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 26 September 2026

# मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक SUV E-Vitara लॉन्च के करीब, शेयर कीमत 12,800 के पार पहुंची।

Publisher

Published on 18 Jun 2025



## सरकार की नई आपूर्ति रणनीति और EV लॉन्च की खबर से मारुति सुजुकी के शेयरों मे दिखा जबरदस्त उछाल, रेयर-अर्थ संकट के बावजूद EV लॉन्च को लेकर बनी उम्मीदे।

**नई दिल्ली, 18 जून 2025**: देश की सबसे बड़ी **ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी** (Maruti Suzuki) अब अपनी पहली **इलेक्ट्रिक SUV E-Vitara** को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बुधवार को कंपनी के शेयरों में 2 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई और यह कीमत 12,841 रुपये तक पहुंच गई। इस तेजी की वजह **केंद्रं सरकार** द्वारा **रेयर-अर्थ मैग्नेट्स** की वैकल्पिक सोर्सिंग को लेकर की जा रही रणनीतिक पहल है।

**रेयर-अर्थ संकट के बीच EV लॉन्च की तैयारी**

मारुति सुजुकी की पहली **इलेक्ट्रिक गाड़ी E-Vitara** को लेकर काफी समय से बाजार में उत्सुकता बनी हुई है, लेकिन **रेयर-अर्थ मैग्नेट्स** की कमी के चलते इसकी लॉन्चिंग में देरी हो रही थी। चीन की ओर से इन मैटेरियल्स के एक्सपोर्ट पर लगे प्रतिबंध ने **भारतीय ऑटो इंडस्ट्री** को चिंतित कर दिया था।

लेकिन अब भारत सरकार ने **ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चिली** और **अर्जेंटीना** जैसे देशों से वैकल्पिक आपूर्ति के लिए बातचीत शुरू कर दी है। इससे उम्मीद है कि **E-Vitara** का उत्पादन और लॉन्चिंग जल्द शुरू हो सकेगी।

### शेयर बाजार मे दिखा पॉजिटिव असर

सरकार की इन रणनीतियों और मारुति की **EV** लॉन्च खबर के चलते **NSE** पर कंपनी के **शेयर सुबह** करीब 10 बजे 12,839 रुपये तक पहुंच गए।

इस साल की शुरुआत से अब तक **मारुति सुजुकी** के शेयरों में करीब **19%** की तेजी आ चुकी है, जो निवेशकों के भरोसे को दर्शाता है।

### क्या है E-Vitara का महत्व ?

**E-Vitara मारुति** की पहली **मेनस्ट्रीम इलेक्ट्रिक SUV** होगी, जो **टाटा** और **महिंद्रा** जैसे ब्रांड्स के मुकाबले कंपनी की **EV** सेगमेंट में एंट्री को दर्शाती है। कंपनी इस मॉडल को घरेलू बाजार के साथ-साथ **ग्लोबल मार्केट** में भी पेश करने की योजना बना रही है।

### चीन पर निर्भरता और भारत की तैयारी

वर्तमान में भारत अपनी **रेयर-अर्थ** की ज़रूरतों का लगभग **80%** आयात करता है और इसमें से अधिकतर चीन से आता है। दुनिया के 60% से ज्यादा **रेयर-अर्थ** का उत्पादन और **90% रिफाइनिंग** चीन में होती है।

हालांकि, अच्छी बात यह है कि भारत में अभी भी बिकने वाली **95%** से अधिक गाड़ियों में **ICE (Internal Combustion Engine)** होता है, जिससे फिलहाल ऑटो सेक्टर पर प्रभाव सीमित रहा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: [www.samacharwani.com](www.samacharwani.com)

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.